# RAF SECTOR

## NEWS CLIP

30/01/20

**TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING**

**Hindustan , Aligarh (UP)**

# अलीगढ़ पहुंची एनएचआरसी की टीम, आरएएफ ने रखा पक्ष

## प्रक्रिया

**अलीगढ़ | कार्यालय संवाददाता**

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) की टीम मंगलवार दोपहर बाद अलीगढ़ पहुंच गई। यहां तय शेड्यूल मुताबिक आरएएफ की ओर से कुछ जवानों ने अपना पक्ष रखा, साक्ष्य देने के साथ अपने बयान भी दर्ज कराए। अब 29 जनवरी को टीम याचिकाकर्ताओं का पक्ष जानेगी।

15 दिसंबर को अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में हुए बवाल को लेकर एएमयू छात्र समेत अलग-अलग पक्ष से हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। इसमें पुलिस पर कैंपस में घुसने के बाद बर्बरता करने का आरोप लगाते हुए जांच व मुकदमा दर्ज कराने को मांग की थी। याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने राष्ट्रीय मानवाधिकार को महीना भर में जांच करके रिपोर्ट पेश करने के आदेश दिए थे। आदेशों पर अमल करते हुए आयोग की टीम 13 जनवरी को अलीगढ़ पहुंच गई थी। 17 जनवरी तक टीम ने यहां एएमयू, पुलिस, प्रशासन और आरएएफ का पक्ष जानने के साथ साक्ष्य लेकर बयान दर्ज किए थे। लेकिन इस दौरान याचिकाकर्ताओं ने अपने बयान दर्ज नहीं कराए थे। उनका कहना था कि यूनिवर्सिटी बंद होने के कारण छात्र यहां नहीं हैं, लिहाजा यूनिवर्सिटी खुलने के बाद का समय दिया जाए। मंगलवार को एनएचआरसी की टीम दोबारा अलीगढ़ पहुंच गई। यहां पहुंचकर टीम ने आरएएफ के बयान दर्ज कराने से शेष रहे घायल व मौके पर मौजूद रहे जवानों से घटनाक्रम की जानकारी लेने के साथ उनके द्वारा सौंपे गए साक्ष्य भी देखे। इसके साथ ही सभी के बयान भी दर्ज किए।

**Dainik jagran prayagraj (UP)**

# संगम क्षेत्र किया सील, आरएएफ का पहरा

## मुख्यमंत्री की बुधवार शाम गंगा आरती के मद्देनजर की गई है बेरिकेडिंग, नहीं कर सकेंगे आम लोग स्नान

**174** सीसीटीवी कैमरों से मेला क्षेत्र में शुरू की गई निगरानी

**31** जनवरी की रात दस बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक

**09** नो एंट्री प्वाइंट पर भारी वाहनों को रोका जाएगा

जासं, प्रयागराज : गंगा यात्रा के साथ बुधवार की शाम प्रयागराज पहुंच रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से संगम क्षेत्र में बैरिकेडिंग कर दी गई है। पुलिस के साथ पैरा मिलेट्री फोर्स को मुस्तैद किया गया है ताकि कोई वहां पर प्रवेश नहीं कर सके। दरअसल, मुख्यमंत्री की सुरक्षा पुख्ता करने के इरादे से संगम क्षेत्र को सील किया गया है। वहां एंटी सबोटाज चेक टीम, एंटी माइन और बम डिस्पोजल स्क्वायड लगातार चेकिंग कर रहे हैं।

बुधवार रात मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की समाप्ति के बाद ही संगम क्षेत्र को आम लोगों के लिए खोला जा सकेगा। ऐसे में मंगलवार की शाम से बुधवार रात तक लोग संगम स्नान नहीं कर सकेंगे। अरैल घाट भी मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के मद्देनजर बुधवार को सील होगा। पूरे मेला क्षेत्र में सुरक्षा और चौकसी बढ़ा दी गई है। एसटीएफ, एटीएस और क्राइम ब्रांच को सक्रिय किया गया है। 174 सीसीटीवी कैमरों के अलावा ड्रोन कैमरों से मेला क्षेत्र की निगरानी शुरू की गई है।



गंगा यात्रा को लेकर संगम पर मुख्यमंत्री के आगमन के मद्देनजर मंगलवार रात की गई बेरिकेडिंग • जागरण

**वसंत पंचमी पर भोर से नो इंट्री**

वसंत पंचमी स्नान पर्व के मद्देनजर बुधवार भोर से ही शहर में ट्रक और टैंकर जैसे भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी जाएगी। यह रोक 31 जनवरी की रात दस बजे तक लागू रहेगी। पड़ोसी जिलों से भारी वाहनों के लिए डायवर्जन स्कीम भी लागू होगी। बुधवार शाम छह बजे से 31 जनवरी की रात 12 बजे तक शहर में फायर ब्रिगेड चौराहा से नवाब युसुफ रोड पर यातायात बंद रहेगा। इलाहाबाद जंक्शन स्टेशन जाने को फायर ब्रिगेड चौराहा से जानसेनगंज चौराहा होकर जाना होगा। जनपद के 09 नो एंट्री प्वाइंट पर ट्रक और टैंकर जैसे भारी वाहनों को रोका जाएगा।

माघ मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की गाड़ियों को काली सड़क पर बने पार्किंग स्थल और गल्ला मंडी दारागंज में खड़ा कराया जाएगा। मेले में भीड़ बढ़ती है तो मीरजापुर और रीवा की तरफ से आने वाले वाहनों को लेप्रोसी चौराहे के बगल में नव प्रयागम पार्किंग स्थल पर खड़ा कराया जाएगा। कानपुर की तरफ से आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों को सीएमपी डिग्री कॉलेज और केपी इंटर कॉलेज मैदान, लखनऊ की ओर से आने वाली गाड़ियां कर्नलगंज इंटर कॉलेज और बख्शी बांध के समीप कछार पार्किंग में खड़ा कराया जाएगा।

**Amarujala prayagraj (UP)**

# सब लेंगे गंगा के निर्मलीकरण का संकल्प

## बसकड़ी से बेगम बाजार तक भव्य स्वागत की गई तैयारी, होगी पुष्प वर्षा, जगह-जगह बनाए गए तोरण द्वार

**गंगा यात्रा**

अविनाशी श्रीवास्तव

**प्रयागराज।** गंगा यात्रा के बुधवार को आगमन पर भव्य स्वागत की तैयारी की गई है। जिले में करीब 60 किलोमीटर की यात्रा के दौरान सड़क के दोनों तरफ कतार में खड़े हजारों लोग पुष्प वर्षा के साथ ही गंगा की स्वच्छता और निर्मलीकरण का संकल्प लेंगे। मुख्यमंत्री की अगुवाई में शुरू इस अभियान को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन के अलावा भाजपा की ओर से भी खास तैयारी की गई है।

जिले में यात्रा मिर्जापुर से सटे बसखड़ी गांव में प्रवेश करेगी और अगले दिन एकलव्य चौराहा, धूमनगंज, बमरौली, बेगम बाजार होते हुए कौशाम्बी के लिए रवाना होगा। इस बीच यात्रा का 14 स्थानों पर स्वागत किया जाएगा। यात्रा के सड़क के दोनों तरफ लोग खड़े रहेंगे और पुष्प वर्षा करेंगे। जिले के प्रभारी मंत्री डॉ.महेंद्र सिंह बैठक में इच्छा जता चुके हैं कि लोगों का क्रम बीच में कहीं टूटना नहीं चाहिए। यानि, यह एक मानव श्रृंखला का रूप लेगा। इसमें स्थानीय लोगों के अलावा 41 स्कूलों के बच्चों को भी शामिल किया जाएगा। इसके लिए जिला विद्यालय निरीक्षक की ओर से आदेश जारी किया गया है। इसके अलावा मांडा चौराहा पर 200 से अधिक महिलाएं कलश यात्रा निकालेंगी। इसी तरह का नजारा मेजा में भी देखने को मिलेगा। इसके अलावा पहले दिन उचडीह, भीरपुर, रामपुर, पीडीए मोड़, मेवालाल चौराहा आदि स्थानों पर स्वागत किया जाएगा। युनाइटेड कालेज और संगम क्षेत्र में मुख्य आयोजन होंगे। अगले दिन कौशाम्बी रवानगी से पहले यात्रा का एकलव्य चौराहा, शेरवानी मोड़, धूमनगंज, बेगम बाजार में स्वागत किया जाएगा। स्वागत के दौरान लोग ढोल नगाड़ा के साथ शामिल होंगे। मार्ग के दोनों तरफ होर्डिंग्स आदि लगाए गए हैं। युनाइटेड कालेज के अलावा संगम क्षेत्र में भी आयोजन वाले स्थलों को खास तरीके से सजाया गया है। गंगा आरती तथा मुख्यमंत्री के संगम स्नान के लिए घाट आदि के निर्माण कराए गए हैं।



गंगा यात्रा के लिए संगम क्षेत्र में मंच बनाने का काम मंगलवार को जोरों में चलता रहा। फोटो : *अमर उजाला*

### उपमुख्यमंत्री संग शामिल होंगे कई मंत्री

गंगा यात्रा में उपमुख्यमंत्री डॉ.दिनेश शर्मा समेत अनेक केंद्रीय और प्रदेश सरकार के मंत्री शामिल होंगे। इनके अलावा उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य भी यात्रा में शामिल हो सकते हैं। इनके अलावा वन, पर्यावरण एवं जंतु उद्यान मंत्री दारा सिंह चौहान, जल शक्ति मंत्री दारा सिंह चौहान, ग्राम्य विकास मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह ऊर्फ मोती सिंह, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार जय प्रकाश निषाद, नीलकंठ तिवारी आदि शामिल होंगे। यात्रा में केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के भी शामिल होने की उमीद है। यात्रा में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह भी शामिल होंगे।

मैं गंगा यात्रा से लोगों से जुड़ने की अपील करता हूं। प्रयागराज तीर्थों का राजा है। गंगा विशेष नदी है तथा इसके आसपास कई सभ्यताओं ने जन्म लिया। मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में निकलने वाली गंगा यात्रा के माध्यम से नागरिकों को जागरूक किया जाएगा। **केशव मौर्य, डिप्टी सीएम**

### भाजपा ने झोंकी ताकत

गंगा यात्रा के स्वागत के लिए प्रशासन के अलावा भाजपा की ओर से भी विशेष तैयारी की गई है। इसके लिए सांसदों, विधायकों तथा अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा भाजपा पदाधिकारियों को जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। मंगलवार को अलग-अलग बैठकों में स्वागत की तैयारी की समीक्षा की गई। जिला पंचायत अध्यक्ष अध्यक्ष समेत यमुना पार के अन्य नेताओं ने बैठकें करके स्वागत की रणनीति बनाई। सांसद डॉ.रीता बहुगुणा जोशी ने अधिक से अधिक लोगों के गंगा यात्रा में शामिल होने की अपील की है।



संगम पर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद कर दी गई है। बड़ी संख्या में जवान तैनात कर दिए गए हैं।

### दौड़ते रहे अफसर

**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री और गंगा यात्रा के स्वागत की तैयारी में 300 से अधिक अफसरों की टीम लगाई गई है। इसमें शामिल सभी अफसर देर रात तक अपने-अपने क्षेत्र में डटे रहे। मंडलायुक्त डॉ.आशीष कुमार गोयल, डीएम भानु चंद्र गोस्वामी आदि ने पूरे मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने संगम क्षेत्र के अलावा युनाइटेड कालेज परिसर में तैयारियों का जायजा लिया। डीएम की अध्यक्षता में मंगलवार देर तक बैठक होती रही। अफसरों ने उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र में तैयारियों तथा वहां सूचना विभाग की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी को देखा।

# यात्रा में व्यवधान की आशंका, 14 सपाई हिरासत में

अमर उजाला ब्यूरो

**प्रयागराज।** प्रदेश सरकार की ओर से निकाली जा रही गंगायात्रा के दौरान किसी भी तरह के व्यवधान को रोकने के लिए पुलिस ने एक दिन पहले ही कमर कस ली। इसके तहत मंगलवार को यमुनापार में अलग-अलग थाना क्षेत्रों से 14 सपा कार्यकर्ताओं समेत कुल 15 लोगों को हिरासत में ले लिया गया। पुलिस का कहना है कि यात्रा के दौरान किसी तरह की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो, इसके तहत एहतियातन यह कार्रवाई की गई है।

गंगायात्रा बुधवार शाम को मिर्जापुर के रास्ते जिले में प्रवेश करेगी। मुख्यमंत्री के आगमन के मद्देनजर पुलिस-प्रशासन बेहद अलर्ट है। नैनी में शिव यादव, मोहित पांडेय, अमन पांडेय, दीपक यादव, मोहन पांडेय, हिमांशु मिश्रा, मेजा में नितेश तिवारी, करछना खजुरौल से पंकज यादव को पकड़ा गया। इसके अलावा औद्योगिक क्षेत्र व घूरपुर थाना क्षेत्र से भी छह सपाइयों को हिरासत में लिया गया। बता दें कि नैनी से पकड़े गए सपा कार्यकर्ताओं ने एक दिन पूर्व विज्ञप्ति जारी कर मुख्यमंत्री का विरोध करने की चेतावनी दी थी।

### गोशाला की मांग को लेकर कर चुका है हंगामा

मांडा में भौसरा नरोत्तम ग्राम पंचायत के ललितपुर गांव निवासी रजनीकांत बिंद पुत्र लक्ष्मीकांत को भी हिरासत में ले लिया गया। बता दें कि गोशाला की मांग को लेकर वह तीन बार नए यमुनापुल के पिलर पर चढ़ चुका है। सीएम के कार्यक्रम के दौरान वह फिर कोई हंगामा न खड़ा कर दे, इसके तहत उसे हिरासत में लिया गया है।

United prayagraj (UP)

# बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ चलाया गया जागरूकता अभियान




फाफामऊ: प्रयागराज। १०१ द्रुत कार्य बल की आरसीडब्ल्यूए अध्यक्षा श्रीमती सुनीता निगम की अगुवाई में आर०पी० रस्तोगी इण्टर मीडिएट कॉलेज गांधी नगर मलाक हरहर के प्रांगण में बेटी पढ़ाओं, बेटी बचाओं जागरूकता अभियान चलाया गया। इस मौके पर श्रीमती सुनीता निगम ने बेटियों के महत्व एवं उनके समग्र विकास का बल देते हुए अभिभावकों एवं अध्यापकों से बालिकाओं की पढ़ाई में विशेष ध्यान देने की अपील करते हुए समतामूलक समाज की स्थापना में अपना बहुमूल्य योगदान देने की बात कही। आर.ए.एफ. की टीम ने संविधान में वर्णित मौलिक कर्तब्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर जागरूकता रैली के माध्यम से आमंजन को बेटी पढ़ाओं -बेटी बचाओं के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ० स्वतंत्र यादव ने आर.ए.एफ. टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में भारी संख्या में ग्रामीण, छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

**Aaj news prayagraj (UP)**

# बेटियां समाज एवं राष्ट्र की अमूल्य धरोहर हैं-सुनीता



अध्यक्षा सुनीता निगम ने क्षेत्र के मलाक हरहर शिवपुर स्थित आरपी रस्तोगी इंटर कॉलेज में बुधवार को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जागरूकता अभियान का आयोजन किया। जिसमें आरएएफ की कावा अध्यक्षा सुनीता निगम ने बेटियों के महत्व एवं उनके समग्र विकास पर बल देते हुए उनके अभिभावकों से व अध्यापकों से अपील की कि बेटियों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान दे और समतामूलक समाज की स्थापना करे क्योंकि बेटियों कि हिस्सेदारी समाज में अहम भूमिका निभाती है। कहा कि बेटियां समाज व राष्ट्र की अमूल्य धरोहर एवं जननी हैं एक सुसंस्कृत एवं संस्कारवान समाज व राष्ट्र के निर्माण के लिए बेटियों को पढाना व उनकी सुरक्षा करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। बेटियों के बिना समाज व पुरूष का अस्तित्व नहीं है।साथ में आरएएफ की टीम ने संविधान में वर्णित मौलिक कर्तव्यों के बारे में विस्तार रूप बच्चों को जानकारी दी तथा जागरूकता रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया। रैली में आरपी रस्तोगी कॉलेज के भारी संख्या में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. स्वतंत्र यादव ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

**I next prayagraj (UP)**



आरएएफ फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन की तरफ से हुआ अवेयरनेस प्रोग्राम.

# 'बेटियों की पढ़ाई का रखें खास ख्याल'

prayagraj@inext.co.in

**PRAYAGRAJ (29 Jan):** 101 आरएएफ की आरएएफ फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन अध्यक्ष श्रीमती सुनीता निगम के नेतृत्व में बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ अभियान के तहत जागरुकता अभियान का आयोजन किया गया. मलाक हरहर स्थित आरपी रस्तोगी इंटरमीडिएट कॉलेज में आयोजित अवेयरनेस प्रोग्राम में बेटियों के महत्व एवं उनके समग्र विकास पर बल देते हुए अभिभावकों व अध्यापकों से अपील की गई कि लड़कियों की पढ़ाई में विशेष ध्यान दें. आरएएफ की टीम ने संविधान में वर्णित मौलिक कर्तव्यों के बारे में बच्चों को विस्तार से जानकारी दी. जागरुकता रैली निकाली गई. स्कूल के प्रिंसिपल डा. स्वतंत्र यादव ने आरएएफ की टीम के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया.

Prabhat Khabar, Lohardaga (JKD)

### लोहरदगा. 23 जनवरी को दो गुटों में हुई थी झड़प

# कर्फ्यू से चरमरायी अर्थव्यवस्था

प्रतिनिधि ▷ लोहरदगा

**बुधवार को दो-दो घंटे कर दो बार ढील दी गयी, अब तक 21 लोग गिरफ्तार, 55 को बांड भराकर छोड़ा**

**लोहरदगा** में बुधवार को कर्फ्यू में 10 से 12 बजे और दो से चार बजे तक ढील दी गयी. इस दौरान शहर में काफी संख्या में लोग आवश्यक सामान की खरीदारी के लिए घरों से निकले. पूरे जिले में इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गयी थी. आइजी नवीन कुमार सिंह, डीआइजी एवी होमकर व अन्य अधिकारियों ने पूरे इलाके का भ्रमण किया.

जोनल आइजी नवीन कुमार सिंह ने बताया कि लोहरदगा में तेजी से स्थिति सामान्य हो रही है और आनेवाले दिनों में यदि इसी तरह शांति रही, तो बैंक एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को भी खोला जायेगा. उन्होंने बताया कि लोहरदगा में 23 जनवरी को घटी घटना में अब तक 21 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है. वहीं 55 लोगों को पूछताछ के बाद बांड लिखवा कर छोड़ा गया है. दोषियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है.



शहर में तैनात रैफ के जवान.

ज्ञात हो कि 23 जनवरी को राष्ट्रीय नागरिकता कानून के समर्थन में निकाली गयी रैली पर पथराव एवं पेट्रोल बम से हमला के बाद जिले में कर्फ्यू लगा दिया गया था. इसमें कई लोग घायल हुए थे.

**Prabhat Khabar, Lohardaga (JKD)**

# कैमरे की नजर में लोहरदगा में कर्फ्यू का सातवां दिन



सीआइडी एसपी मनोज रतन चौथे पुलिस अधिकारियों के साथ शहर में गश्ती करते.



शहर की स्थिति का जायजा लेते एसपी.




बज्र वाहन से रखी जा रही है नजर.



कर्फ्यू में ढील के दौरान शहर में उमडी भीड़.



पूजा के लिए मां सरस्वती की प्रतिमा ले जाता युवक.



स्थिति पर नजर रखे जोनल आइजी नवीन कुमार सिंह, डीआईजी एवी होमकर एवं सीआईडी एसपी मनोज रतन चौथे

# Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF









**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**